दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वारका
प्राथमिक प्रभाग (2026–2027)
कक्षा : तीन – पाँच

# हिंदी दिवस
## गतिविधि प्रतिवेदन

---

हिंदी हमारी पहचान है। यह हमारी संस्कृति, परंपराओं व भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। इसके महत्त्व और गौरव को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाया जाता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वारका में कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्त्व से अवगत करवाया गया। तत्पश्चात् कक्षा तीन के विद्यार्थियों द्वारा बुकमार्क, कक्षा चार के द्वारा नारा लेखन तथा कक्षा पाँच के द्वारा सूक्ति प्रस्तुतीकरण गतिविधि प्रस्तुत की गईं।

इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम एवं सम्मान की भावना विकसित करने, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने तथा भाषाई कौशल को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रुचि का प्रदर्शन करते हुए हिंदी दिवस कार्यक्रम को सार्थक बनाया।

विषय संयाजिका
(हिंदी विभाग)